भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *189
05.08.2024 को उत्तर के लिए

भारत में वन क्षेत्र बाह्य वृक्ष संबंधी पहल

***189. श्री केसिनेनी शिवनाथ :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में जिला-वार कितने वृक्ष काटे गए हैं;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान, उक्त राज्य में ऐसे वन क्षेत्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है जिनमें वनोंन्मूलन किया गया है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में वन क्षेत्र बाह्य वृक्ष संबंधी पहल के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और जिला-वार कितने पेड़ लगाए गए हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री
(श्री भूपेन्द्र यादव)

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'भारत में वन क्षेत्र बाह्य वृक्ष संबंधी पहल' के संबंध में श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *189 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) आंध्र प्रदेश के राज्य वन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार, विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में काटे गए पेड़ों की जिला-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है।

(ख) आंध्र प्रदेश के राज्य वन विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार, विगत पांच वर्षों के दौरान उन वन क्षेत्रों, जहां वनों की कटाई की गई है, का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** के दिया गया है।

(ग) ''भारत में वनों के बाहर वृक्ष'' (टीओएफआई) कार्यक्रम सतत वन संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के लिए भारत एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच साझेदारी समझौते के तहत एक तकनीकी सहयोग है। टीओएफआई की शुरूआत सात राज्यों, नामत: आंध्र प्रदेश, असम, हरियाणा, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में की गई थी। तकनीकी सहयोग के अंतर्गत संचालित टीओएफआई का मुख्य उद्देश्य वनों के बाहर वृक्षारोपण के विस्तार हेतु अनुकूल वातावरण को सुदृढ़ करने, उन्नत आर्थिक अवसरों के सृजन हेतु सहयोग प्रदान करने तथा वनों के बाहर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु गुणवत्तापूर्ण जानकारी की पहुंच में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित करना है। यह एक तकनीकी सहयोग है और इस कार्यक्रम के उद्देश्य में चयनित राज्यों में वृक्षारोपण शामिल नहीं है।

अधिसूचित वन क्षेत्र के बाहर हरित आवरण को बढ़ावा देने हेतु, राज्य वन विभागों द्वारा वन क्षेत्रों के बाहर पेड़ लगाने को लक्षित करके विभिन्न कार्यकलाप संचालित किए गए हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) - 2021 के अनुसार, आईएसएफआर-2017 में प्रकाशित अनुमानों की तुलना में देश के वनावरण में 1933 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।

*****

अनुबंध-I

'भारत में वन क्षेत्र बाह्य वृक्ष संबंधी पहल' के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *189 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

गत पांच वर्षों के दौरान, आंध्र प्रदेश में काटे गए पेड़ों की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	जिला	काटे गए पेड़ों की संख्या		अवैध कटाई
		वैध कटाई		
		पट्टा भूमि	अपवर्तित भूमि	
1	अल्लूरी सीताराम राजू	1340	-	1944
2	अनकापल्ली	-	8796	354
3	अनंतपुरमु	785	88	-
4	अन्नमय्या	23181	-	27178
5	बपत्ला	1650	-	-
6	चित्तूर	19954	20423	25953
7	डॉ.बी.आर.अम्बेडकर कोनासीमा	-	-	-
8	पूर्वी गोदावरी	-	-	-
9	एलुरु	-	-	1051
10	गुंटूर	12786	4685	-
11	काकीनाडा	54515	23	-
12	कृष्णा	31401	-	-
13	कुरनूल	-	24992	540
14	एनटीआर	-	-	107
15	पलनाडु	7696	-	
16	पार्वतीपुरम मन्यम	-	-	161
17	प्रकाशम	1579	905	-
18	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	25061	21382	-
19	श्री सत्य साईं	2918	-	-
20	श्रीकाकुलम	-	-	417
21	तिरुपति	61964	-	40349
22	विशाखापत्तनम	-	354	131
23	विजयनगरम	-	-	211
24	पश्चिमी गोदावरी	-	-	-
25	वाईएसआर	-	53375	6000
26	नांदयाल	-	-	-
	कुल	**244830**	**135023**	**104396**

अनुबंध-II

'भारत में वन क्षेत्र बाह्य वृक्ष संबंधी पहल' के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *189 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

गत पांच वर्षों के दौरान, वनों की कटाई किये गये वन क्षेत्रों का जिला-वार ब्यौरा

क्र. सं.	जिला	अपवर्तित क्षेत्र (हेक्टेयर में)
1	अल्लूरी सीताराम राजू	2.24
2	अनकापल्ली	68.13
3	अनंतपुरमु	5.68
4	अन्नमय्या	-
5	बपत्ला	-
6	चित्तूर	146.93
7	डॉ.बी.आर.अम्बेडकर कोनासीमा	-
8	पूर्वी गोदावरी	-
9	एलुरु	-
10	गुंटूर	165.07
11	काकीनाडा	3.99
12	कृष्णा	-
13	कुरनूल	120.85
14	एनटीआर	-
15	पलनाडु	-
16	पार्वतीपुरम मन्यम	-
17	प्रकाशम	11.10
18	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	107.95
19	श्री सत्य साईं	-
20	श्रीकाकुलम	-
21	तिरुपति	-
22	विशाखापत्तनम	60.10
23	विजयनगरम	-
24	पश्चिमी गोदावरी	-
25	वाईएसआर	77.62
26	नांदयाल	-
	कुल	**769.66**

*****